19/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में मेजर रालेंगनाओ बॉब खाथिंग मेमोरियल लेक्चर में हिस्सा लिया। श्री खांडू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर वे सम्मानित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन असम राइफल्स और यूएसआई द्वारा किया जा रहा है। साथ ही यह कार्यक्रम मेजर बॉब खाथिंग के उल्लेखनीय योगदान को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने 1914 के शिमला समझौते को लागू करने और 1951 में तवांग को भारतीय क्षेत्र में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और मेजर बॉब खाथिंग के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे।

000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से यह बात साझा की है कि, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन भारत में सबसे लंबे समय तक अपने पद पर बने रहने वाले उपमुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने कहा कि, श्री मेन 17 जुलाई 2016 से राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल के 8 साल और दो सौ चौवालीस दिन पूरे कर लिए हैं। अपने पोस्ट में मुख्यमंत्री ने श्री मेन को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि उनकी सेवा अरुणाचल की प्रगति के प्रति उनकी समर्पित प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन द्वारा शिक्षा मंत्री पी डी सोना के साथ कल बोलेंग के गिदी ग्राउंड में 5वें सियांग उनयिंग गिदी महोत्सव 2025 में भाग लिया। अपने संबोधन में, उपमुख्यमंत्री ने महोत्सव का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए प्रकृति के संरक्षण और बायोडायवर्सिटी को बढ़ावा देने में उत्सव की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने क्षेत्र के समृद्ध पर्यावरण को संरक्षित करने के महत्व पर जोर देते हुए समुदाय से प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते हुए अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने का आग्रह भी किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, इस वर्ष का बजट राज्य के लोगों एंव उनके आकांक्षाओं को पूरा करने के लिहाज़ से तैयार किया गया है। जिसका उद्देश्य महिलाओं, युवाओं, बच्चों और समाज के हर एक व्यक्ति सहित समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना है। यह त्योहार वसंत के आगमन और खेती की शुरुआत का प्रतिक है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष रतन आन्या के नेतृत्व में गठित एक दल ने कल सिविल सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाहगे को अपनी सिफारिशें सौंपी। इस बैठक के दौरान आयोग ने मंत्री को राज्य में विशेष जरूरतों वाले बच्चों के समग्र विकास के लिए विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ और बाल विकास केंद्रों की कमी से अवगत कराया। इस बीच, आयोग ने स्वास्थ्य विभाग को राज्य में CWSN की स्थिति के बारे में गहन शोध और सर्वेक्षण करने, CWSN के लिए CMAAY के तहत स्वास्थ्य बीमा का विस्तार करने और राज्य में CWSN के लिए थेरेपी केंद्रों के संचालन और निगरानी के लिए सरकारी दिशा-निर्देश तैयार करने की सिफारिश की है।

0000000000000000000000

विधायक तापी दारांग ने आज पासीघाट में स्थित सियांग टुडे नामक एक मीडिया हाउस का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री दारांग ने समाज में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने जनता को खबरो से अपडेटेड रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए जिम्मेदार पत्रकारिता के महत्व पर जोर दिया। विधायक ने उम्मीद जताई कि युवाओं की नई पीढ़ी अपने कौशल और ज्ञान के साथ राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में मीडिया के विकास को बढ़ावा देगी।

000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय में डिपार्टमेंट ऑफ मासकम्यूनिकेशन और अरुणाचल ट्राईबल स्टाडिज द्वारा CCRD और RIWATCH के सहयोग से, कल से आगामी 22 मार्च तक **'बॉडरलैंड नैरेटिव्स फेस्टिवल ऑफ फिल्मस फ़्रोम कंटेमप्ररी नॉर्थईस्ट'** का दूसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का एक मुख्य आकर्षण शोर्ट फिल्म कम्पीटिशन है, जिसका शीर्षक है **"आवर लाईफ्स, आवर स्टोरीज**" जिसका टोपिक है **वेनिशिंग रुट्स, आर्ट, कल्चर एण्ड फॉकरोल**। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उभरते फिल्म निर्माताओं को पूर्वोत्तर की लुप्त होती परंपराओं और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का पता लगाने और उनका दस्तावेजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करना है। विजेता फिल्म को ₹50,000 का नकद पुरस्कार दिया जायेगा।

00000000000000000000

आकाशवाणी ईटानगर द्वारा हिन्दी जनरल अनाउंसर/रेडियो जॉकी के नए पैनल के निर्माण के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। आवेदन पत्र आकाशवाणी ईटानगर कार्यालय में उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवार 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

000000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल द्वारा कल हायुलियांग में क्षेत्र में टीकाकरण कवरेज को बढ़ाना देने के उद्देश्य से विशेष टीकाकरण अभियान 3.0 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा कि यह, पहल सभी के लिए स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस अवसर पर मंत्री ने तपेदिक यानी टीबी उन्मूलन के लिए सरकार के प्रयासों के तहत, तीन टीबी रोगियों को गोद लेने की घोषणा भी की, ताकि उन्हें आवश्यक देखभाल और सहायता मिल सके। उन्होंने टीबी मुक्त समाज को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

0000000000000000000